## स्पेलिंग प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्रा अव्वल

लखनऊ, 8 अक्टूबर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की केजी की मेधावी छात्रा हिरिषा यादव ने नेशनल लेविल पर आयोजित स्पेलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। हिरिषा ने विज नेशनल स्पेल बी प्रतियोगिता के नेशनल मेगा फाइनल राउण्ड में आल इण्डिया 10वीं रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। गोवा में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में हिरिषा को इस उपलब्धि हेतु प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। शैक्षिक संस्था विज स्पेल बी के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपने अंग्रेजी ज्ञान, स्पेलिंग, ग्रामर, पजल्स, फोनेटिक्स सिम्बल, बोलने की क्षमता, राइमिंग वर्डस, जंबल लेटर्स आदि विभिन्न मानकों पर सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर सिद्ध कर दिया निकट भविष्य में यह मेधावी छात्रा अपने ज्ञान व बहुमुखी प्रतिभा के दम पर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश का गौरव बढ़ाने हेतु तत्पर है।सी.एम.एस. अपने प्रत्येक छात्र को मातृ भाषा हिन्दी के साथ–साथ अंग्रेजी भाषा का सर्वश्रेष्ठ ज्ञान प्रदान कर रहा है, साथ ही वैज्ञानिक युग के महत्व को स्वीकारते हुए छात्रों का दृष्टिकोण वैज्ञानिक एवं विश्वव्यापी बनाने के उद्देश्य से जोरदार प्रयास किये जा रहे हैं।



## डोगरा रेजीमेंटल सेंटर के ब्रिगेडियर के पीए की संदिग्ध हालात में मौत

अयोध्या (आरएनएस)। डोगरा रेजीमेंटल सेंटर के सूबेदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार सुबह उनके सरकारी आवास में फांसी के फंदे से लटक रहा शव पाया गया है। मौके पर पहुंचीं कैंट कोतवाली पुलिस विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना कैंटोमेंट स्थित आवास की है। डोगरा रेजीमेंटल सेंटर के ब्रिगेडियर कुंवर रंजीव सिंह के पीए सूबेदार विनीश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हैं। करीब 25 दिन पहले कैंटोनमेंट में सीबीआई छापा डाला था। बताया जाता है कि सीबीआई छापा के बाद से ही सूबेदार विनीश तनाव में थे। पुलिस के मुताबिक सूबेदार ने आत्महत्या की है। कई दिनों से वे अवसाद में चल रहे थे। सूबेदार विनीश केरल के रहने वाले थे।अवर्तमान में डोगरा रेजिमेंट के ब्रिगेडियर के पीए थे। हाल में ही सीबीआई की हुई जांच समेत कई पहलुओं पर भी पुलिस जांच–पड़ताल कर रही है। साथ ही हत्या या आत्महत्या के एंगल पर भी जांच की जा रही है।

## जानलेवा ह्मले में चार चार सगे भाइयों को 10 साल की सजा

अयोध्या (आरएनएस)। जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट ने दोषी पाते हुए चार सगे भाइयों को 10–10 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। सब पर 64000 जुर्माना भी हुआ है । फैसला अपर जिला जज प्रेम प्रकाश की अदालत से सोमवार को हुआ। एडीजीसी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि घटना 2 फरवरी 2012 की है। कर्मडाडा पूरे बसौली गांव के रहने वाले सरजू प्रसाद तिवारी दिन में 10:00 बजे अपनी दुकान पर बैठे थे। उनके गांव के तिलकराम ,राजेंद्र, सदानंद तथा राजेश चारों सगे भाई दुकान पर आए और खाद फेंकने के विवाद को लेकर उसे लाठी डंडा से मरने लगे। उसको बचाने के लिए भागवतदीन, अनिल, संदीप आए तो उन लोगों को भी मारा पीटा। गंभीर अवस्था में इंद्रेश को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया ।यहां कुछ दिन इलाज के बाद वह ठीक हुए इसकी रिपोर्ट चारों लोगों के खिलाफ अपराधिक मानव वध के प्रयास की धारा में लिखाई गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा दी।

## गैर इरादतन ह्त्या में तीन अभियुक्त दोषी करार

### –सजा पर सुनवाई आज

अयोध्या (आरएनएस)। गैर इरादतन हत्या के एक मामले में कोर्ट ने तीन लोगों को दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई 1 अक्टूबर को होगी। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय रवि कुमार गुप्ता की अदालत से सोमवार को हुआ। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता सईद खान एडीजीसी कौशल कुमार चतुर्वेदी, श्रीधर मिश्रा ने बताया कि घटना 14 नवंबर 2021 की समय 7:30 बजे शाम की है। मवई थाना क्षेत्र के सैदपुर मजरे खरिका का रहने वाला भोलानाथ खेत की सिंचाई कर रहा था। लाठी डंडा से लैस होकर उसके गांव के अमर बहादुर ,विशाल, कैलाश और अंकित वहां पहुंचे और रास्ते में बिछी पाइप को हटाने के लिए कहने लगे। पाइप न हटने से नाराज होकर सभी ने भोलानाथ के पिता गया बख्श को लाठी डंडा से मारे पीटे। भोलानाथ बचाने गया तो उसे भी मारे पीटे। शोर पर काफी लोग इकट्ठा हो गए तब सभी लोग गाली देते हुए भाग गए। परिजन गया बक्स को जिला चिकित्सालय ले गए वहां से उनकी हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उन्हें अमृत घोषित कर दिया। इसकी रिपोर्ट सभी चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में लिखाई गई थी दौरान मुकदमा कैलाश की मौत हो गई इसकी इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा समाप्त कर दिया गया अन्य को सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाया।

## मृतक छात्र सचिन कुमार व परिजनों से मिले पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय रावत

मिल्कीपुर–अयोध्या (आरएनएस)। इनायत नगर थाना क्षेत्र के हिसामुद्दीन पुर में तेज बारिश के कारण एक कच्चे मकान की दीवार गिर गई, जिसमें 14 वर्षीय छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान अस्पताल में छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के हिसामुद्दीनपुर पूरे निधन तिवारी गांव निवासी रामसरन कोरी का 14 वर्षीय बेटा सचिन कुमार गली से निकल रहा था। तभी पड़ोसी राम केवल की मिट्टी की दीवार गिर गई।दीवार के नीचे सचिन कुमार दब गया। चिखने की आवाज सुनने पर परिजन और ग्रामीण पहुंचकर किसी तरीके से मिट्टी के मलबे में दबे सचिन कुमार को निकालकर इलाज करने के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने इलाज करना शुरू किया। लेकिन सचिन ने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जलभराव को आखिर कौन सी विधि से किया गया खत्म, आज भी चला मनरेगा काम

सुल्तानपुर(आरएनएस)। बारिश भले आज नहीं हुई लेकिन जलभराव तो हैं क्या मनरेगा कार्य कराने के लिए कोई विदेशी तकनीक का सहारा लिया जा रहा हैं मानो पानी छू मतर हो गया। जनपद के 14 ब्लाकों में से 14 ब्लाकों में मानों जलभराव की समस्या ही नहीं न ही यहा बारिश ही हुई हैं।तभी तो जनपद के कूरेभार ब्लॉक में 790 मजदूर, घनपतगंज में 1390, कुड़वार में 415, लम्भुआ में 630मजदूर,अखण्डनगर में 251 मजदूर और कादीपुर में 243 मजदूर,जयसिंहपुर में 483 मजदूर, कुड़वार में 415 मजदूर ,दूबेपुर में 164 मजदूर ,करौंदीकला में 120 मजदूर ,मोतिगरपुर में 87 मजदूर ,पी.पी कमैचा में 8 मजदूर ,बल्दीराय में 20 मजदूर ,भदैंया में 124 मजदूरों की आनलाईन हाजिरी लगाई गयी हैं मतलब पूरे जनपद में 4975 मजदूरों ने जलभराव में घुस कर काम किया हैं। बाकी और ब्लॉकों में भी आनलाईन हाजिरी लग रही हैं। सवाल इस बात का हैं क्या यह आनलाइन हाजिरी किसी जिम्मेदार अधिकारी के कहने पर लग रहीं हैं या अधिकारी भी इस बात से अनिभिज्ञ हैं कि कही भी जलभराव नहीं हुआ न कहीं बरसात हुई हैं। सिर्फ मनरेगा के मजदूरों को बदनाम किया जा रहा हैं। क्या आज चार दिनों से लग रही आनलाईन उपस्थिति की खबर और लग रहीं आनलाईन उपस्थिति की जांच की जायेगी या भुगतान मिलबाट कर ले लिया जायेगा यह बड़ा सवाल हैं।आखिर जिम्मेदार अधिकारी ऐसे भर्ष्टाचार पर पर्दा क्यूं डाल रहें हैं यह नहीं समझ में आ रहा हैं शायद मानते हो ऐसे ही खबर लिखी जा रही हैं क्या मनरेगा की वेवसाईट झूठ बोल रही हैं क्या यह बड़ा सवाल हैं। सबका साथ सबका विकास का दावा करने वाली सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में पलीता लगाने का काम या तो ब्लॉक पर बैठे कर्मचारी लगा रहें हैं या मनरेगा डीसी।

## 4 व्यापारी नेता को पुत्र शोक, व्यापारिक संगठनो ने दी श्रद्धांजलि

सुल्तानपुर(आरएनएस)। नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रहरि के पोते सराफा व्यापार मंडल के महामंत्री नवीन कुमार अग्रहरी के छोटे पुत्र आदित्य उर्फ वासू अग्रहरि का रविवार की रात्रि पीजीआई में ईलाज के उपरान्त निधन हो गया। सूचना पर परिजनों व व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई देर रात तक शहर के सैकड़ो व्यापारियों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। सोमवार को शहर के हथियानाला स्थित श्मशान घाट पर वासू अग्रहरि का अंतिम संस्कार किया गया। यहां सराफा व्यापार मंडल व नगर उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने शोक सभा कर मृत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। मिली जानकारी के अनुसार बीते कई महीनो से वासु अग्रहरि की तबीयत खराब थी लखनऊ में उनका इलाज चल रहा था रविवार की रात तबीयत बिगड़ने पर से उनकी मृत्यु हो गई सूचना पर सर्राफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवी प्रसाद सोनी चंद्रप्रकाश अग्रवाल दयाशंकर शेरू विनय वरनवाल लक्खीचंद्र कौशल राजकुमार सोनी कमल कौशल संजय कुमार इंद्रदेव राजपूत कृष्ण चंद्र कसौधन उमेश अग्रहरि धर्मेंद्र राजू चौधरी रमेश सिंह टिन्नू रवि सोनी संतोष तिवारी सुधीर अग्रहरी राजेश सोनी राजदेव शुक्ल शंभू सोनी मंगल अग्रहरि दिलीप वरन वाल संजय कौशल भारत जी सर्राफ अरुण जयसवॉल के के भाटिया राज कुमार भाटिया समेत सैकड़ो व्यापारी आवास पहुंच गए और नवीन अग्रहरी से शोक संवेदना व्यक्त की। सोमवार को दोपहर में हथिया नाला स्थित श्मशान घाट पर वासु अग्रहरि को मुखाग्नि दी गई।

## अवैध कटान की जानकारी के बाद भी सदर रेंजर की कार्यवाही शून्य

कुड़वारध्सुल्तानपुर(आरएनएस)। थाना क्षेत्र के पूरे फैजू मियां का पुरवा में चार दिन पहले अवैध ा रूप से काटे गए विशालकाय आम के वृक्ष की सदर रेंज द्वारा संज्ञान के बाद भी कार्यवाही नही की जा रही है। सूत्र बताते है वृक्ष कटने से पहले ही मामले की सेटिंग हो जाती है, विभागीय अधिकारी के अत्याधिक दबाव के बाद ही सदर रेंज कार्यवाही करता है,अन्यथा की स्थिति में जैसे तमाम अवैध कटानो का हुआ है,वैसे ही सभी मामले निपटा दिए जाते है। ताबड़तोड़ सदर रेंज में अवैध कटान होने के बाद भी जिम्मेदारों पर एक अदद भी कार्यवाई ना होने के चलते मनोबल बढ़ गया है, उन्हें लगता है कि शायद ऐसे नोटिस जारी होती रहेगी और उनके द्वारी खानापूर्ति होती रहेगी,एक सवाल सभी के दिमाग में कौंधता है की आखिर वजह क्या है की सदर रेंज में ऐसा होता क्यूं है। बहरहाल अवैध कटान की फेहरिश्त लंबी है, परंतु जबतक ठोस कार्यवाही नही होती तबतक फेहरिश्त में एक और अवैध कटान अंकित होती रहेगी।



## नवागत तहसीलदार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मांझा कला का किया निरीक्षण

### –राजस्व कर्मियों को बाढ़ प्रभावितों की स्थिति पर निगरानी बनाए रखने का दिया निर्देश

सोहावल– अयोध्या (आरएनएस)।नवागत तहसीलदार सोहावल सुमित सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मांझा कला का निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व कर्मियों को बाढ़ प्रभावितों की स्थिति पर निरंतर निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया।सोमवार को सरयू नदी के तराई क्षेत्र में स्थित मांझा कला का निरीक्षण करने पहुंचे तहसीलदार सुमित सिंह ने किसानों की फसलों का अवलोकन किया। इस दौरान निरंतर घट रहे नदी के जल स्तर को लेकर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। पिछले दिनों नदी के उफान से मांझा कला के सैकड़ों परिवार बाढ़ की चपेट में आ गए थे। बाढ़ प्रभावितों ने तहसील क्षेत्र के सहारा बाग एवं कोटसराय स्कूल में शरण लिया था। जहां पर बाढ़ प्रभावितों को भोजन सहित शासन से मिलने वाली अहैतुक सहायता आदि जिला प्रशासन की तरफ से मुहैया कराई गई थी। बीते तीन दिनों तक लगातार हुई बारिश के मद्देनजर तहसीलदार ने राजस्व कर्मियों के साथ माझा कला का निरीक्षण किया। तहसीलदार सुमित सिंह ने बताया कि नदी का जल स्तर निरंतर घट रहा है। किसानों के खेतों में बाढ़ के पानी का कोई असर नहीं दिखाई पड़ा है। फिर भी एहतियातन राजस्व कर्मियों को निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय लेखपाल जितेंद्र विश्वकर्मा आदि सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण ही सम्पूर्ण समस्याओं का समाधान राजीव यादव

—मांगों को लेकर उ.प्र.माध्यमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना, संयुक्त शिक्षा निदेशक को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या (आरएनएस)। उ.प्र.माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के बैनर तले संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पर एक दिवसीय धरने का आयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष पवन यादव की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रवींद्र वर्मा ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री राजीव यादव रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजीव यादव ने कहा कि माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण ही सम्पूर्ण समस्याओं का समाधान है। राजकीय करण होने से शिक्षकों को समय से वेतन,बोनस,एरियर का भुगतान होगा तथा ट्रांसफर और प्रमोशन की समस्या, सीनियरटी–जूनियरटी की समस्या दूर होगी।प्रबन्धकीय उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी। एकजुट इस अभियान में पूरे जोर –शोर से लगा हुआ है कि माध्यमिक विद्यालयों का राजकीय करण हो तथा कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार खघ्त्म हो। समय से जनपद के शिक्षकों का समस्त देयकों का भुगतान कार्यालय करें। प्रदेश उपाध्यक्ष पवन यादव ने कहा कि विभागीय समस्याओं की लड़ाई उ.प्र.माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट पूरे प्रदेश में बहुत मजबूती से लड़ रहा है, इसलिए एकजुट का सहयोग करें। वर्तमान में शिक्षकोंध्‍ कर्मचारियों की सबसे बड़ी समस्या पेंशन है जिसको लेकर अटेवा राष्ट्रव्यापी आंदोलन चला रहा है। बुढ़ापे में व्यक्ति मान सम्मान से सिर उठा कर जी सके, इसके लिए पेंशन आवश्यक है। सरकार ने बाजार आधारित अविश्वसनीय विभेदकारी एनपीएस को शिक्षकध्कर्मचारियों के ऊपर लाद दिया है जिसे हम स्वीकार नहीं करेंगे। एनपीएस कूड़ा है जो सिर्फ कचरे के डिब्बे में डालने योग्य है। एनपीएस अमीरों द्वारा मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग के खिलाफ रचा गया षडयंत्र है जिसके विरुद्ध अटेवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बन्धु के नेतृत्व में देश स्तर पर लड़ रहा है। निश्चित ही इस संघर्ष में हम विजयी होंगे और हम भी पुरानी पेंशन से आच्छादित होंगे। मंडल अध्यक्ष रवींद्र वर्मा कहा कि मंडल में शिक्षकों की तमाम समस्यायें हैं जिसे कार्यालय निस्तारित करने में उदासीनता बरत रहा है। कार्यालय में घोर भ्रष्टाचार व्याप्त है जिसके खिलाफ एकजुट हमेशा आवाज उठाकर शिक्षकों की समस्याओं का निदान कराता है। कार्यक्रम को प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद पाल, अटेवा मंडल अध्यक्ष संदीप वर्मा अयोध्या मण्डल अध्यक्ष रवींद्र वर्मा, मंडलीय मंत्री सुरेश यादव,

## साफ–सफाई बहुत सारी बीमारियों से हमें बचाती है– डॉ.सलिल

### ‘स्वच्छता एकदिन नही बल्कि हमें,आपको जीवन पर्यंत के लिए मिशन बनाना चाहिएरुडॉ.गोयल’

सुल्तानपुर(आरएनएस)। स्वशासी राजकीय महा विद्यालय में स्वच्छता पखवाडेघ् की शुरुआत पर प्राचार्य डॉ.सलिल श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ.एसके गोयल के द्वारा झाड़ू लगाकर साफ–सफाई का संदेश दिया गया।पखवाडेघ् की शुरुआत करते हुए प्राचार्य डॉ.सलिल श्रीवास्तव ने कहाकि साफ–सफाई हमें तमाम बीमारियों से सुरक्षित करता है, हमें अपने आस–पास साफ–सफाई रखना और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। प्राचार्य डॉ.सलिल श्रीवास्तव ने कहाकि गंदगी विभिन्न प्रकार की बीमारी उत्पन्न तो करती ही है, इसका असर आपके स्वास्थ पर भी पड़ता है। मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ.एसके गोयल ने कहाकि यदि हम अपने आस–पार स्वच्छता बनाएं रखे तो बहुत सारी शारीरिक समस्याओं से निजात पाएगें, खानपान व जीवनशैली में स्वच्छता का मिश्रण करने से रोगमुक्त रहा जा सकता है। सीएमएस डॉ.गोयल ने कहाकि स्वच्छता एकदिन नहीं बल्कि हमें आपको जीवन पर्यंत के लिए मिशन बनाना चाहिए,उक्त अवसर पर डॉ. आरिफ, डॉ.श्रेया, सहायक नर्सिंग अधीक्षक आर पी सिंह, अमित मिश्रा, विक्रम सिंह, दूधनाथ मिश्रा सहित मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर व सटाफ मौजूद रहें।




## शोकसभा कर व्यापारियों ने दी मृत आत्मा को श्रद्धांजलि

युवाओं में खासे लोकप्रिय आदित्य उर्फ वासु अग्रहरि के निधन से शोकाकुल व्यापारियों ने अपनी दुकान बंद रखी वहीं शोकसभा कर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की यहां प्रमुख रूप से सर्राफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवी प्रसाद सोनी चंद्रप्रकाश अग्रवाल दयाशंकर शेरू विनय वरनवाल लक्खीचंद्र कौशल राजकुमार सोनी कमल कौशल संजय कुमार इंद्रदेव राजपूत कृष्ण चंद्र कसौधन उमेश अग्रहरि धर्मेंद्र राजू चौधरी रमेश सिंह टिन्नू रवि सोनी संतोष तिवारी सुधीर अग्रहरी राजेश सोनी राजदेव शुक्ल शंभूसोनी मंगल अग्रहरि दिलीप वरनवाल संजय कौशल भरत जी सर्राफ अरुण जयसवॉल पल्लव खेतान के के भाटिया राज कुमार भाटिया आदि मौजूद रहे।

## भाकियू कार्यकर्ताओं से एसडीएम मिल्कीपुर की झड़प

मिल्कीपुर–अयोध्या (आरएनएस)। भारतीय किसान यूनियन द्वारा विगत दिनों 3 सितंबर को दिए गए मांग पत्र के सापेक्ष एक भी मामले का निस्तारण न होने को लेकर भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों ने मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय परिसर में पंचायत आयोजित की। जहां पुनः अपनी बात पंचायत के माध्यम से समस्या के निस्तारण हेतु उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह से संपर्क कर निस्तारण का प्रयास भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सहित पंचायत में आई हुई महिलाओं ने किया और भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता जिसमें महिलाएं भी शामिल थी, उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर से मिलने जा रहे थे। किन्तु उपजिलाधिकारी अपनी सरकारी गाड़ी में बैठकर जाने को तैयार थे कि भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सहित अपनी बात को कहने के लिए उनके पास पहुंचे ही थे कि उन्होंने उनकी बात को न सुन गाड़ी आगे बढ़वा दिया। लेकिन भारतीय किसान यूनियन के पंचायत में आई महिलाएं उनकी गाड़ी के आगे खड़ी होकर अपनी बात सुनने की जिद पर अड़ गई। यह देख एसडीएम आग बबूला हो गए और जिलाध्यक्ष सहित आई हुई सभी महिलाओं के साथ अभद्रता कर बदतमीज तक कह डाला। अपनी हनक दिखाते हुए पुलिस फोर्स बुलाकर मुकदमा लिखने तक की बात की और जांच करने की बात की। मौके पर पहुंची इनायत नगर पुलिस भाकियू कार्यकर्ताओं का तेवर देख कार्यवाही से कतरा गई। आखिरकार नायब तहसीलदार मिल्कीपुर नाराज कार्यकर्ताओं के पास पहुंचे और समझा बूझाकर शांत कराया तथा उनकी समस्याओं का निदान कराए जाने का आश्वासन दिया।

## सिंधी अनुवाद में रोजगार के तेजी से बढ़े अवसर – डा. दिनकर

अयोध्या (आरएनएस)। भारत सरकार के मैसूर स्थित राष्ट्रीय अनुवाद परिषद में सीनियर रिसोर्स पर्सन डॉ. दिनकर प्रसाद ने सिंधी अनुवादकों की भारी कमी की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए सिंधी युवाओं का अनुवाद के क्षेत्र में कैरियर बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद सभी भारतीय भाषाओं में अनुवाद रोजगार के अवसरों में तेजी आई है। किंतु अन्य भाषाओं की तुलना में सिंधी अनुवादकों की भारी कमी बनी हुई है। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के आवासीय परिसर में संचालित अमर शहीद संत कँवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र में अध्ययनरत एमए सिंधी के विद्यार्थियों को डॉ. दिनकर अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस के अवसर पर ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मशीन कभी भी सटीक अनुवाद नहीं कर सकती है, इसलिए अच्छे अनुवादकों की मांग हमेशा बनी रहती है। डॉ. प्रसाद ने कहा कि संसार में जब से लेखन कार्य आरंभ हुआ है तभी से अनुवाद भी हो रहे हैं। अनुवादक का उतना ही सम्मान होता है जितना कि मूल लेखक का। कार्यक्रम में फिरोजाबाद की संस्कृत विदुषी डॉ. तुलसी देवी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत साहित्य में अनुवाद को ब्रह्मानंद सहोदर कहा गया है और अनुवाद से पूरी वसुधा कुटुंब बन जाती है। श्री गंगानगर, राजस्थान के श्री करन वाणी ने सिंधी अनुवाद कार्य में तकनीकी शब्दावली की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट किया। अयोध्या के श्री कपिल कुमार ने सिंधी साहित्य में अनुवाद साहित्य की लंबी परंपरा पर विस्तृत आलेख पढ़ा। उन्होंने बताया कि जगत आडवाणी ने अकेले 200 से अधिक पुस्तकों का अनुवाद किया है। जोधपुर की पूजा कल्याणी ने कहा कि अनुवाद कार्य मातृभाषा की भक्ति है और अनुवाद ही सार्वभौमिक पहचान प्रदान करता है। नोएडा की ज्योति मूलानी ने बताया कि अनुवाद क्षेत्र में सक्रिय भाषिणी एप्लीकेशन में क्षेत्रीय भाषाओं का इस्तेमाल एक क्रांतिकारी कदम है। जयपुर की माया वसंदाणी ने कहा कि किसी अनुवाद को पढ़ते समय पाठक को शब्दकोश की आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिए। लखनऊ से सुदाम चंदवाणी ने कहा कि गूगल पर सिंधी की मांग न होने से सिंधी में गूगल ट्रांसलेशन उपलब्ध नहीं है, उन्होंने सिंधी का उपयोग बढ़ाये जाने पर बल दिया। अयोध्या की सपना खटनानी ने अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस को स्वयं के बनाये चित्रों से प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में रेलवे पुलिस बल के रिटायर्ड आई.जी. और एम० ए० सिंधी के विद्यार्थी राजाराम ने परिचर्चा की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जब तक सिंधी को उचित राजाश्रय प्राप्त नहीं होगा, तब तक सिंधी का संपूर्ण विकास संभव नहीं है। सिंधी अध्ययन केंद्र के सलाहकार ज्ञानप्रकाश टेकचंदानी ‘सरल’ ने बतौर सूत्रधार कहा कि कुरान का पहला अनुवाद सिंधी भाषा में हुआ था। इस अवसर पर एम० ए० सिंधी के विद्यार्थियों दुर्गा संतानी, रेनू पंजवानी, वंदना दानवानी, पिंकी भोपानी, प्रताप राय, नीतू चंदानी आदि विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

## पूर्व सांसद ने कैम्प लगाकर ग्रामीणों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

अयोध्या (आरएनएस)। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने रूदौली विधानसभा के मवई मंडल ग्राम सभा नूरपुर तथा अमाहिया में कैम्प लगाकर ग्रामवासियों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इससे पूर्व आयोजन स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों द्वारा पूर्व सांसद का स्वागत किया गया। पूर्व सांसद ने कहा कि पार्टी देश प्रथम की नीति तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण जनता में संगठन को लेकर उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में युवाओं को नए अवसर मिले है, किसान समृद्ध हुए हैं, गरीबों के जीवन में सुधार हुआ है।, महिलाओं का उत्थान हुआ है। श्रमिकों को सम्मान मिला है।

उन्होंने कहा कि अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने तथा समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, यह पीएम मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण आज संभव हुआ है। कैम्प में जिला मंत्री धर्मेन्द्र सिंह, प्रधान सुनील मिश्र, गजराज यादव, मनोज मिश्र, सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

